# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/1138
दिनांक : 06.6.2019

सेवा में,
सचिव/प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

महोदय/महोदया,

माननीय कार्यपरिषद की आहूत बैठक दिनांक 09.05.2019 में लिये गये निर्णय के आलोक में आपको निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालय में सम्ब्द्धता हेतु आवेदनरत् सम्बद्ध समस्त संस्थानों/महाविद्यालयों द्वारा सत्र 2019–20 के प्रवेशों के पंजीकरण पूर्ण होने की तिथि से पूर्व तथा सैक्शन/सीट वृद्धि हेतु आवेदनरत् समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा प्रवेश की अन्तिम तिथि पूर्ण होने से पूर्व सम्बद्धता सम्बन्धी कमियों को पूर्ण कर पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में उनके संस्थान का नाम विश्वविद्यालय पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं किया जायेगा। प्रवेश पोर्टल पर समस्त संस्थानों/महाविद्यालयों के नाम्रग उनके संस्थान का NAAC Grade अंकित होना अनिवार्य है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानों/महाविद्यालयों के मुख्य द्वार पर उसका नाम पता व विश्वविद्यालय से सम्बद्धता बडे–बडे अक्षरों में अंकित हो। सम्बद्धता हेतु गठित निरीक्षण मण्डल द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण आख्या में उक्त के संदर्भ में आख्या प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

भवदीय,

सहा० कुलसचिव (सम्बद्धता)
कृते कुलसचिव

प्रतिलिपिः–
01. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. व्यैक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
03. यैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।

सहा० कुलसचिव (सम्बद्धता)
कृते कुलसचिव